बिहार सरकार

समाहरणालय, अररिया
(जिला प्रोग्राम कार्यालय)
(आई0सी0डी0एस0)

दूरभाष सं0 : 06453-222001(का0)
: 06453-222102 (आ0)
फैक्स सं0 : 06453-222124
Email ID : dm-araria.bih@nic.in

-: आवश्यक सूचना :-

निदेशक, आई0सी0डी0एस0, बिहार, पटना के पत्रांक-5293, दिनांक-30.08.2019 एवं विभागीय मार्गदर्शिका, 2016 में संशोधन/नये प्रावधान के आलोक में इस जिले में संचालित बाल विकास परियोजना कार्यालयों के अधीन तृतीय चरण में कुल-36 आँगनबाड़ी सेविका एवं 88 सहायिका के चयन हेतु विभिन्न परियोजनाओं में रिक्ति निम्नवत् है :-

क्र0सं0	परियोजना का नाम	पदों की संख्या	
		सेविका	सहायिका
1	अररिया	00	06
2	जोकीहाट	01	07
3	पलासी	01	00
4	सिकटी	05	09
5	कुर्साकाँटा	02	04
6	रानीगंज	13	34
7	फारबिसगंज	00	00
8	नरपतगंज	05	20
9	भरगामा	09	08
	कुल-	**36**	**88**

रिक्त पदों हेतु आवेदन की समय सीमा, औपबंधिक मेधा सूची, प्रकाशन आदि की समय सीमा निम्नवत् है :-

1. ऑन लाईन आवेदन करने की तिथि :- **05.09.2019 से 19.09.2019 तक।**
2. औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन की तिथि :- **25.09.2019 को बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखंड कार्यालय के सूचनापट्ट पर एक सप्ताह के लिये किया जायेगा।**
3. आपत्ति लेने की तिथि :- **25.09.2019 से 01.10.2019 तक।**
4. आमसभा की तिथि :- **02.10.2019 से दिनांक 15.10.2019 तक। आम भा के पूर्व विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी आवश्यक कार्रवाई संबंधिक महिला पर्यवेक्षिका/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा की जायेगी।**
5. ऑन लाईन आवेदन का वेब-साईट :-http://fts.bih.nic.in/AWCREC/Login.asps है।
6. ऑन लाईन आवेदन के साथ आवेदिका सभी वांछित दस्तावेज (Document) यथा-मैट्रिक अंक पत्र (सहायिका के लिये अष्टम का अंक पत्र), मूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, विधवा प्रमाण पत्र (विधवा अभ्यर्थी के लिये), विकलांगता प्रमाण पत्र (विकलांग अभ्यर्थी के लिये) आदि को भी निर्धारित साईजन में अपलोड करना अनिवार्य होगा।
7. यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि को आम सभा नहीं की जाती है अथवा सेविका/सहायिका का चयन नहीं हो पाता है तो विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप अगली आम सभा की जायेगी।
8. रिक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना यथा-अहर्त्ता/रिक्त केन्द्रों की सूची/पंचायत वार्ड/बाहुल्य वर्ग/ आम सभा का स्थल/आम सभा की तिथि आदि संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखंड कार्यालय के सूचनापट्ट पर विज्ञापन प्रकाशन तिथि से हीं प्रकाशित की जायेगी। ओवदन ऑन लाईन लिये जायेंगे परंतु यदि ऑफ लाईन आवेदन प्राप्त होते है तो उन्हें भी समय सीमा के अंदर ऑन लाईन अपलोड कराने की जिम्मेवारी संबंधित परियोजना कार्यालय की होगी। आवेदन हेतु रिक्त केन्द्रों से संबंधित विस्तृत सूचना जिला प्रोग्राम कार्यालय में भी संधारित है एवं कार्यालय अवधि में इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
9. मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी वांछित प्रक्रिया पूरा करना अनिवार्य होगा।
10. साथ हीं रिक्ति से संबंधित सभी वांछित सूचना अररिया जिला के वेब साईट www.araria.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
अररिया

ज्ञापांक...1410.../जि0प्रो0, अररिया, दिनांक...3.../...9.../2019

प्रतिलिपि : संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला अररिया/संबंधित महिला पर्यवेक्षिका, अररिया जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि अपने-अपने परियोजना कार्यालय के सूचनापटट् में उक्त विज्ञापन को चिपकवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ हीं साथ अपने-अपने पंचायत के पोषक क्षेत्रो/वार्डो में प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अररिया जिला/सभी अंचल अधिकारी, अररिया जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : अपर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशानुसार कहना है कि उक्त विज्ञापन में तीन मुख्य दैनिक सामचार पत्रों में प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त विज्ञापन जिला के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

3/9/19

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
अररिया